Bareilly, Monday,
19 February 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 02 : RIGHT MIDDLE

स्वरों का लगाया ध्यान, रागों को साधा

एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने इंस्ट्रूमेंटल सिंफनी में वाद्ययंत्रों से शास्त्रीय रागों को प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का आरंभ स्वरों का ध्यान लगाने से हुआ. इसमें रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरु, गायन गुरु और गायन के विद्यार्थियों के साथ भरतनाट्यम गुरु ने अहीर भैरव, मंगल भैरव और बैरागी वैभव रागों को साधा. वाद्ययंत्रों पर विद्यार्थी शिवांग अग्रवाल और गुरुओं ने राग भोपाली में मध्य लय की बंदिश बजाई और द्रुत लय में इसका समापन किया. इंस्ट्रूमेंट गुरु हिमांशु चंद्रा और विद्यार्थी अथर्व पाठक ने गिटार के कर्णप्रिय धुनों के जरिये नदी के बैठे होने का अहसास कराया. ड्रम पर प्रियांशु मैस, वायलिन पर सूर्यकांत चौधरी, सेक्सोफोन पर रानी फिलिप्स रहे. कार्यक्रम में देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. रीता शर्मा आदि उपस्थित रहे.